राजकीय महाविद्यालय घरौंडा (करनाल)

आवश्यक सूचना

दिनांक 22/05/2025

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक को महाविद्यालय में एक एंटी रैगिंग जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों को दोपहर 12:30 बजे एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग भरने और रैगिंग से दूर रहने बारे विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। इसलिए सभी विद्यार्थी महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक कमरा नंबर-2 में उपस्थित रहे।

कन्वीनर 22/05/25
एंटी रैगिंग कमेटी

प्राचार्य 22/5/25
राजकीय महाविद्यालय घरौंडा

Principal
Govt. College Gharaunda
Karnal

Circulate among notice boards & staff also.

22/5/2025

राजकीय महाविद्यालय घरौंडा (करनाल)

**एंटी रैगिंग रिपोर्ट**

दिनांक **22/05/2025**

आज दिनांक **22/05/2025** को राजकीय महाविद्यालय घरौंडा (करनाल) में एंटी रैगिंग से संबंधित एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग जैसे अमानवीय कृत्य के खिलाफ जागरूक करना तथा विद्यार्थियों को यूजीसी की वेबसाइट www.antiragging.in पर जाकर एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग भरने के लिए प्रेरित करना था । प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) सुरेंद्र कुमार नागिया ने रैगिंग के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रैगिंग एक गंभीर अपराध है, विद्यार्थियों को इससे दूर रहना चाहिए । एसोसिएट प्रोफेसर गुरनाम सिंह मलिक ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की रैगिंग में भाग लेने से बचना चाहिए । एंटी रैगिंग कमेटी के कन्वीनर (डॉ) देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि यूजीसी ने "उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की समस्या को रोकने के लिए विनियम, **2009**" अधिसूचित किया है। ये विनियम यूजीसी की वेबसाइट **http://www.ugc.gov.in** और **www.antiragging.in** पर उपलब्ध हैं।

डीएचई/विश्वविद्यालय/यूजीसी/एआईसीटीई ने इन विनियमों के अनुसार रैगिंग को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने के लिए परामर्श जारी किया है। विद्यार्थी किसी प्रकार की रैगिंग से संबंधित घटना की जानकारी तुरंत यह यूजीसी की वेबसाइट, महाविद्यालय में एंटी रैगिंग कमेटी से संबंधित अधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ सुरेश शर्मा, श्रीमती सुमन लता, श्रीमती गीता को सूचित करने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि यदि कोई विद्यार्थी रैगिंग से संबंधित घटनाओं में लिप्त पाया जाता है तो उसका महाविद्यालय से दाखिला तक रद्द हो सकता है इसलिए विद्यार्थियों को रैगिंग से दूर रहना चाहिए । इस अवसर पर डॉ सुरेश शर्मा, श्रीमती सुमन लता, श्री शुभम शर्मा, श्रीमती गीता उपस्थित रहे ।

Convener
ARC

22/5/25
प्राचार्य
Principal
Govt. College Gharaunda
Karnal


GOVT. COLLEGE GHARAUNDA, KARNAL
SAY NO TO
RAGGING
YES TO
JOYFULCAMPUS
What is Ragging?
Any Act Resulting in:
MHRD
GPS Map Camera
Karnal, Haryana, India
G2x2+mrj, Haryana 132114, India, Karnal, Haryana
132114, India
Lat 29.548674° Long 77.002958°
22/05/2025 11:35 AM GMT +05:30
Google

दैनिक भास्कर
करनाल भास्कर 24-05-2025

# रैगिंग है गंभीर अपराध, इससे शिक्षण माहौल होता है खराब

घरौंडा | राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराना रहा। साथ ही उन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाइट www.antiragging.in पर जाकर ऑनलाइन अंडरटेकिंग भरने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र कुमार नागिया ने की। उन्होंने कहा कि रैगिंग एक गंभीर सामाजिक अपराध है। इससे छात्रों की मानसिक और शारीरिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। यह शिक्षण माहौल को भी खराब करता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि रैगिंग से दूर रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत कॉलेज प्रशासन को दें।

एसोसिएट प्रोफेसर गुरनाम सिंह मलिक ने रैगिंग की परिभाषा, प्रकार और इसके कानूनी परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रैगिंग में शामिल छात्र का प्रवेश रद्द किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से रैगिंग न करने और न ही उसका समर्थन करने की अपील की।